कोटा-अजमेर होकर दिल्ली-अहमदाबाद मीटर गेज लाइन बिछाना

3176. **श्री एम० के० शारदा :** क्या रेल मंत्री यह बताने कि कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोटा अजमेर होकर दिल्ली-अहमदाबाद मीटर गेज लाइन बिछाने की एक योजना सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो योजना का ब्यौरा क्या ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

Oil Fields in Gujarat

3177. SHRI AHMED PATEL: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) the broad features of the oil fields in Gujarat, their present capacity and production;

(b) whether any new operation is being held; and

(c) if so, the facts thereof?

THE MINISTER OF PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI H. N. BAHUGUNA): (a) In Gujarat oil fields, oil is produced from sandstone reservoirs. The Ankleshwar oil field is the biggest with light oil and high recovery factors. North Gujarat oil fields are small with thin reservoir sands and viscous oil. The Gujarat fields as a whole produce at present about 4.2 million tonnes per annum.

(b) and (c). Besides certain secondary recovery operations in the existing fields, exploratory drilling for oil is presently being conducted at Dabka, Rupawati, Sanand. Jotana, Nandasan and Mehsana areas.

वीरमगाम-ओखा-पोरबन्दर लाइन को बड़ी लाइन में बदलने पर खर्च

3178. **श्री धर्मसिंह भाई पटेल :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूरी वीरमगाम-ओखा-पोरबन्दर मीटर गेज लाइन को बड़ी लाइन में बदलने पर कुल कितना खर्च आने का अनुमान है ;

(ख) अब तक कितना कार्य पूरा हो चुका है तथा उसका ब्योरा क्या है और इस पर कुल कितनी धनराशि खर्च हुई और कितना कार्य पूरा होना बाकी है ; और

(ग) लाइन को बड़ी लाइन में बदलने का कार्य कब तक पूरा हो जायेगा ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) 1971 में 42.93 करोड़ रुपये की एक परियोजना की स्वीकृति दी गयी थी। तब से कीमतें बढ़ गयी हैं और अब एक संशोधित अनुमान तैयार किया जा रहा है ।

(ख) मई, 1976 तक वीरमगाम-पोरबन्दर लाइन को बड़ी लाइन में बदलने के काम में कुल मिलाकर 42 प्रतिशत प्रगति हुई है । मार्च, 1977 तक इस परियोजना पर लगभग 17 करोड़ रुपये की राशि खर्च हुई है । 400 हेक्टेयर में से 305 हेक्टयर जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है । 40 लाख घन मीटर में से 28 लाख घन मीटर मिट्टी डालने का कार्य, 85 में से 47 बड़े पुलों और 585 में से 482 छोटे पुलों का निर्माण पूरा हो चुका है ।

(ग) इ ; परियोजना के पूरा होने की निश्चित तिथि अभी बताना कठिन है ।